## निविदा सूचना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोवर्धन/नन्दगॉव तथा मथुरा के विभिन्न व्यसायों की साज–सज्जा/मशीन/फर्नीचर के कय हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कम से कम 10 वर्षो का आपूर्ति का अनुभव हो तथा वर्ष में रू0 1 करोड से अधिक का व्यापार (टर्न ओवर) किया हो जिसका प्रमाण प्रत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । ऐसे अच्छी साख वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से निविदाये आमंत्रित है, जो दिनॉकः– 04–12–2014 की अपरान्ह 12.00 बजे तक कय कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को सार्वजनिक रूप से दिनांक : 05.12.2014 की अपरान्ह 12.00 बजे कय समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस से दिनॉकः– 04.11.2014 से निम्नानुसार निविदा शुल्क तथा ट्रेड टैक्स नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती हैं अथवा वॉछित धनराशि का बैंक ड्राफट प्रधानाचार्य रा0औ0प्र0सं0, मथुरा के नाम देय हो भेज कर डाक द्वारा प्राप्त की जा सकती है। आपूर्ति की जाने वाले सामान की सूची निविदा प्रपत्र में संलग्न है।

| | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| रा0औ0प्रशि0 संस्थान नन्दगॉव/गोवर्धन | रू0 1100.00+वैट | 110000.00 |
| रा0औ0प्रशि0 संस्थान मथुरा | रू0 600.00+वैट | 60000.00 |
| उक्त संस्थानो का फर्नीचर | रू0 200.00+वैट | 20000.00 |

निविदा में अपनी न्यूनतम दर प्रस्तुत करते हुए उक्त धनराशि का बैंक ड्राफट/एफ0डी0आर0 संलग्न करें। अन्य समस्त अनिवार्य/वांछित विवरण/शर्तें निविदा प्रपत्र में उल्लिखित हैं। किसी भी या समस्त निविदाओं को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा कय करने से पूर्व 10 वर्ष का आपूर्ति का अनुभव प्रमाण पत्र तथा वर्ष में 1 करोड का प्रमाण प्रस्तुत करने के पश्चात ही निविदा प्रदान की जा सकेगी । डॅाक द्वारा निविदा प्राप्त करने हेतु उक्त निविदा शुल्क के अतिरिक्त रू0 100.00 का बैंक ड्राफट अलग से देय होगा । यह निविदा एन0आई0सी0 की बेवसाइट पर उपलब्ध है ।

दिनॉकः– 05.11.2014

( एम0सी0शर्मा )
प्रधानाचार्य

# प्रभाग – एक

## टैक्नीकल बिड

पृष्ठ संख्या से पृष्ठ संख्या तक

नोट : समस्त निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि आपूर्ति किये जाने वाले सामान की विशिष्टियां, विवरण तथा मात्रा का भली भॉति अध्ययन कर लें । आप द्वारा यदि इससे भिन्न विशिष्टियों की आपूर्ति प्रस्तावित है तो उसका वर्णन करके अंकित करें, अन्यथा यदि सभी विवरण व विशिष्टियां स्वीकार्य है तो सभी पृष्ठों पर अपनी स्पष्ट सहमति अंकित करें ।

**कार्यालय : प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण, संस्थान, मथुरा**

**निविदा प्रपत्र**

01.निविदा संख्या :– भण्डार/क्रय/साज–सज्जा/2014–15
02.प्रपत्र विक्री आरम्भ :– 05.11.2014
03.प्रपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि :– 04.12.2014 की अपरान्ह 12 बजे
04.प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि :– 04.12.2014 की अपरान्ह 01 बजे
05.टेन्डर खोलने की तिथि :– 05.12.2014 की अपरान्ह 12 बजे
06.धरोहर राशि निम्नानुसार

| | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| रा0औ0प्रशि0 संस्थान नन्दगॉव/गोवर्धन | रू0 1100.00+वैट | 110000.00 |
| रा0औ0प्रशि0 संस्थान मथुरा | रू0 600.00+वैट | 60000.00 |
| उक्त संस्थानो का फर्नीचर | रू0 200.00+वैट | 20000.00 |

07.निरीक्षण स्थान :– रा0औ0प्र0सं0 नन्दगॉव का सामान नन्दगॉव संस्थान, मथुरा तथा गोवर्धन सस्थान का सामान मथुरा संस्थान में ।

08.डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मूल्य :– उपरोक्तानुसार + डाक खर्च रू0 100.00 नगद जमा करके या प्रधानाचार्य रा0औ0प्र0सं0 मथुरा के नाम का बैक ड्राफट जो कि मथुरा में देय हो भेज कर प्राप्त किया जा सकता है।

09.निविदा प्रपत्रों की कुल संख्या :–

# निविदा प्रस्तुत करने की महत्वपूर्ण शर्तें/प्रतिबन्ध

1. निविदा प्रस्तुतकर्ता सामान आपूर्तिकार्य में दक्ष व अनुभवी होना चाहिए। अनुभव सम्बन्धीप्रमाण पत्र(राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो, मे 10 वर्षो का आपूर्तिअनुभव) अवश्य संलग्न करें।
2. प्रस्तुत दर न्यूनतम आगामी 1वर्ष तक वैद्य रहनी चाहिए।
3. समस्त सामिग्री राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नन्दगांव की नन्दगांव संस्थान में तथा गोर्वधन एवं मथुरा संस्थान की मथुरा के भण्डार में आपूर्ति की जानी है।
4. समस्त दर नये सामान की होनी चाहिए। सामिग्री आपूर्ति में स्पेशीफिकेशन का अनुपालन अनिवार्य है। साथ ही सामिग्री की गुणवत्ता भी महत्वपूर्ण है। जहां विशेष मेक मांगा गया है। वहां अन्य मेक की सामिग्री स्वीकार नहीं होगी।
5. क्रय आदेश जारी होने के 15 दिन के अंदर माल आपूर्ति किया जाना अनिवार्य होगा। समय से आपूर्ति प्राप्त न होने की दशा में क्रयादेश निरस्त माना जायेगा।
6. प्रस्तुत दरों में वैट अथवा अन्य कोई कर सम्मिलित है, अथवा नहीं इसका स्पश्ट वर्णन करें। साथ ही यदि टैक्स अतिरिक्त देय है तो उसकी दर अंकित करें।
7. प्रस्तुत दरों में ट्रान्सपोर्टेशन/चुंग्गी/पैकिंग आदि सम्मिलित होनी चाहिए। यह अलग से देय मान्य नहीं होगी। रास्ते में हुई टूट–फूट आपूर्तिकर्ता की होगी।
8. निविदा सील बंद लिफाफे में प्रस्तुत करें।
9. निविदा के साथ प्रतिभूति वांछित धनराशि (अरनेस्ट मनी) का बैंक ड्राफट अथवा एफ0डी0आर0 प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मथुरा के नाम का संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
10. निविदा निर्धारित तिथि व समय पर खोली जायेगी। निविदाता स्वयं के समक्ष निविदा खुलवाने हेतु आमंत्रित है।
11. न्यूनतम दर स्वीकृत होने पर व क्रय आदेश जारी होने पर निविदादाता सामिग्री आपूर्ति हेतु बाध्य होगा। ऐसे में सामिग्री आपूर्ति न करने पर अरनेस्ट मनी जब्त की जा सकती है।
12. संस्थागत भण्डार में सामिग्री प्राप्त होने के उपरांत उसका निरीक्षण भण्डारी/विषय विशेषज्ञ/भण्डार प्रभारी करेंगे। सामिग्री पूर्णतया सही पाये जाने पर ही भुगतान किया जाना सम्भव होगा।

13. भुगतान की जाने वाली कुल धनराशि से नियमानुसार आयकर की कटौती की जायेगी। कुल आयकर की कटौती का विवरण फार्म–16ए पर नियमानुसार आपूर्तिकर्ता को बाद में उपलब्ध कराया जायेगा ।

14. आपूर्ति की गयी सामिग्री की गारन्टी/वारन्टी होने पर उसे अवश्य संलग्न करें। गारंटी/वारंटी का परिपालन करवाया जाना आपूर्तिकर्ता का उत्तरदायित्व होगा।

15. फर्म द्वारा संलग्नक प्रपत्र पृष्ठ संख्या 6 पर इस आशय की घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि प्रस्तावित आपूर्ति करने का फर्म को पर्याप्त अनुभव है। साथ ही फर्म यदि उत्तर प्रदेश के बाहर की है तो केन्द्रीय बिक्री कर संख्या का संदर्भ इस प्रारूप पर वर्णित करें।

16. दो अथवा अधिक आपूर्तिकर्ताओं की दर समान होने पर अधोहस्ताक्षरी किसी भी आपूर्तिकर्ता का क्रय आदेश कर सकते हैं। ऐसे में कोई अतिरिक्त पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

17. अपनी दर संलग्न सूचियों में आईटमों के सापेक्ष अंकित करें। किसी भी कटिंग ओवरराइटिंग पर हस्ताक्षर अंकित करें। प्रत्येक पृष्ठ के नीचे अपने हस्ताक्षर अंकित करें व स्टाम्प लगायें।

18. समस्त निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर स्वीकार्य की जायेंगी। निविदा कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मथुरा में प्राप्त होनी है। प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 04.12.2014 को समय 12:00 बजे तक निर्धारित है। जिसके उपरांत कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। समस्त निविदायें क्रय समिति व इच्छुक निविदाकर्ताओं के सम्मुख दिनांक : 05/12/2014 को अपरान्ह 12:00 बजे खोली जायेंगी।

19. किसी भी निविदा को कोई भी बिना कारण बताये बिना निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। इस सम्बन्ध में कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं होगा।

20. सामान की दरें प्रस्तुत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि जिस सामान का मूल्य अंकित किया जा रहा है । उसका यदि आवश्यक हुआ तो डिमोस्ट्रैशन तथा इन्सटालेशन कराना आवश्यक होगा जिस हेतु अलग से कोई चार्ज नहीं दिया जाएगा ।

21. जिस सामान की दरें अंकित की जा रही हैं उसका मेक/मॉडल/कैट लॉक संल्गन करना अनिवार्य होगा ।

22. निविदा में मूल्य अंकित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करलें कि जिस सामान की दरें अंकित की जा रही हैं । उस दर पर आपूर्ति की जायेगी । इस आश्य का 100.00 रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा । सामान के आपूर्ति न किये जाने की दशा में संस्थान को प्रतिभूति धनराशि से क्रय आदेश का 10 प्रतिशत धनराशि काटने का अधिकार होगा ।

23. निविदा प्रपत्र उसी प्रतिष्ठान को विक्रय किया जायेगा जो प्रतिष्ठान विभाग में कम से कम 10 वर्ष का आपूर्ति का अनुभव रखता हो।
24. पिछले तीन साल का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित प्रत्येक वर्ष में 1 करोड़ का सालाना टर्न–ओवर तकनीकी–बिड में संलग्न करना अनिवार्य है।
25. समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जि0–मथुरा रहेगा।
26. मथुरा तथा गोवर्धन संस्थान की साज सज्जा/फर्नीचर मथुरा संस्थान के अलग–2 भंडार में तथा नन्दगाव संस्थान की साज सज्जा / फर्नीचर नन्दगांव संस्थान के भंडार में अपूर्ती करना होगा।
27. निविदा दो भागो में (टेक्नीकल तथा फाइनेन्शीयल) विड में प्रस्तुत करे सर्व प्रथम टेक्नीकल विड खोली जायेगी टेक्नीकल विड शर्तो के अनुरूप होने के पश्चात ही फाइनेन्शीयल विड खोली जायेगी टेक्नीकल विड अपूर्ण होने की दशा में फाइनेन्शीयल विड को निरस्त माना जायेगा।

**प्रधानाचार्य**

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**

**मथुरा**

रू0 100.00 के स्टाम्प पर

## आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत घोषणा पत्र

मैं मैंसर्स ..........................................................................................
..........................................................................................

अधिकृत प्रतिनिधि हूॅं तथा फर्म से सम्बन्धित निम्न विवरण प्रस्तुत व सत्यापित करता हूॅं ।

1. संलग्न निविदा में जो आइटम/सामग्री मेरे द्वारा आपूर्ति की जानी प्रस्तावित की गयी है, की आपूर्ति करने का मुझे पर्याप्त अनुभव है व मैं इस आपर्ति कार्य में दक्ष व अनुभवी हूॅं ।
2. निविदा की समस्त शर्ते/प्रतिबन्ध मेरे द्वारा अच्छी तरह से पढ लियें गये हैं तथा समझ लिये गयें हैं । यह सभी स्वीकार हैं ।
3. मेरी फर्म आयकर विभाग में पंजीकृत है तथा इसका पंजीकरण संख्या/सन्दर्भ निम्नवत है ।
   1. उ0प्र0 वैट कर संख्या ..........................................................................
   2. टिन संख्या ..........................................................................
   3. पैन नम्बर ..........................................................................
4. मैं सत्यापित करता हूॅं कि मेरी फर्म को किसी भी शासकीय विभाग द्वारा निविदा कार्य अथवा शासकीय कार्य आपूर्ति के कार्य में लिए ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है ।
5. निविदा प्रपत्र में दी गयी समस्त शर्ते/प्रतिबन्ध/निर्णय आदि मुझे समस्त स्वीकार हैं । मेरे द्वारा संज्ञान में ले लिया गया है कि किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मथुरा ही होगा ।
6. मेरी फर्म को आपूर्ति का 10 वर्ष का अनुभव है । संलग्न है ।
7. विगत तीन वर्ष का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित 1 करोड का टर्न ओवर सलग्नक है व 3 वर्ष की बैलेन्स सीट संलग्न है ।
8. जारी क्रयादेश के सापेक्ष्य यदि हमारी फर्म द्वारा 100 प्रतिशत माल की पूर्ति नही की जाती है तो जारी क्रयादेश की 10 प्रतिशत धनराशि हमारी धरोहर राशि से काटने का पूर्ण अधिकार संस्थान को होंगें ।

हस्ताक्षर
फर्म की स्टैम्प

# प्रभाग – दो

## फाईनैन्शियल बिड

पृष्ठ संख्या        से पृष्ठ संख्या        तक